जबलपुर में टेक्नोलॉजी सेंटर की स्थापना के लिये 21 एकड़ भूमि आवंटित

चर्चा में क्यों?

- 15 दिसंबर, 2021 को मध्य प्रदेश के सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने जबलपुर के औद्योगिक क्षेत्र रिछाई में टेक्नोलॉजी सेंटर के लिये 21 एकड़ से अधिक भूमि के आवंटन की प्रशासकीय स्वीकृति दी।

प्रमुख बिंदु

- जबलपुर में उद्योगों की नई तकनीक से संबंधित ज़रूरतों को पूरा करने और युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिये टेक्नोलॉजी सेंटर की स्थापना की जाएगी। भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय ने भी इस प्रोजेक्ट के लिये 200 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है।
- इस आवंटित पट्टे की अधिकतम अवधि 99 वर्षों की होगी। इसके बाद ज़मीन पर पुन: गतिविधि संचालित होने की दशा में लीज का नि:शुल्क नवीनीकरण किया जाएगा।
- इस टेक्नोलॉजी सेंटर की स्थापना से जबलपुर एवं आसपास के ज़िलों की औद्योगिक इकाइयों को लाभ मिलेगा। साथ ही टेक्नोलॉजी सेंटर द्वारा डिज़ाइन, टेस्टिंग, टूलिंग, इनक्यूबेशन, ट्रेनिंग इत्यादि के रूप में उद्योगों को प्रत्यक्ष तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।
- जबलपुर, महाकौशल क्षेत्र का केंद्र बिंदु है। यहाँ स्थापित उद्योगों को नई तकनीक की जानकारी के साथ उत्पादों के प्रोटोटाइप तैयार कराने में मदद मिलेगी। इंजीनियरिंग और आईटीआई प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों को वास्तविक मशीनों पर काम करने का मौका मिलेगा, साथ ही आयुध निर्माणियों को भी फायदा होगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/21-acres-of-land-allotted-for-setting-up-technology-center-in-jabalpur